मंगलवार
25 अप्रैल, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज




जमीन विवाद में चौसा के इजरी गांव में गरजीं बंदूकें, गोलीबारी में एक की मौत 3



# अगर केंद्र में हमारी सरकार आती है तो हम जीएसटी हटा देंगे: राहुल गांधी

- कर्नाटक के बेलगावी के रामदुर्ग में गन्ना किसानों को किया संबोधित
- बोले- अगर अरबपतियों का कर्जा माफ करते हैं तो किसानों का कर्जा भी माफ किया जाना चाहिए

**एजेंसी/बेंगलुरु**

कर्नाटक में अगले महीने होनेवाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए रैलियों का दौर शुरू हो गया है। सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बेलगावी के रामदुर्ग में गन्ना किसानों को संबोधित किया। उन्होंने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर हमारी सरकार केंद्र में आती है तो हम जीएसटी हटा देंगे। राहुल गांधी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार आज सिर्फ दो-तीन व्यापारियों पर फोकस कर रही है। लेकिन ध्यान की अधिक जरूरत



किसानों, मजदूरों और वेंडर्स को है। बड़े कारोबारियों को आसानी से लोन मिल जाता है, अडाणी, अंबानी के पास लाखों-करोड़ों का लोन है। वह जैसे बैंक में जाते हैं, वैसे ही उन्हें पैसा मिल जाता है। अगर उन्हें कोई मुश्किल हो जाए और वह चुका न पाएं तो आसानी से माफ भी हो जाता है।

**किसानों के साथ न्याय होना चाहिए:** राहुल ने कहा, हमारे किसानों, मजदूरों को पहले तो लोन नहीं मिलता, अगर लोन मिल जाए तो माफ भी नहीं हो पाता। लेकिन कांग्रेस ने किसानों का 72 हजार रुपए लोन माफ किया था। आमतौर पर किसानों का कर्जा माफ नहीं किया जाता। मैं कहता हूं कि न्याय होना चाहिए। अगर अरबपतियों का कर्जा माफ करते हैं तो किसानों का कर्जा भी माफ करें या फिर किसी का भी नहीं हो।

**जीएसटी के कारण छोटे व्यापार बंद:** राहुल ने कहा कि सिर्फ अमीर लोगों की मदद के लिए जीएसटी लागू किया गया है। यह काफी मुश्किल है, जिस वजह से आधे लोगों को तो समझ ही नहीं आता कि इसे कम और कैसे फाइल करना है। इसी वजह से छोटे व्यवसाय बंद हो जाते हैं। केंद्र में जब हमारी सरकार आएगी, वैसे ही हम जीएसटी को खत्म कर देंगे और एक नया टैक्स लाएंगे, जो काफी आसान होगा।

## राहुल गांधी को पटना हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत

**पटना।** मोदी सरनेम वालों के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी कर मुकदमे में फंसे राहुल गांधी को पटना हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। एमपी एमएलए कोर्ट में बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और भाजपा सांसद सुशील कुमार मोदी ने याचिका दायर की थी। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए राहुल गांधी को 25 अप्रैल को MP MLA कोर्ट में हाजिर होने का आदेश मिला था। लेकिन उनके वकील की तरफ से कोर्ट में यह अर्जी लगाई गई कि इसी मामले में उन्हें सजा हो चुकी है। अब इस मामले में पटना हाईकोर्ट ने निचली अदालत में सुनवाई के लिए 15 मई तक के लिए रोक लगा दी है। बताते चलें मोदी सरनेम वाले मामले में मानहानि के मुकदमे की सुनवाई पटना हाई कोर्ट में चल रही है।

## सिद्धारमैया बोले... भाजपा ने फर्जी प्रोपेगैंडा चलाया

कांग्रेस नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि कर्नाटक की जनता भाजपा सरकार को अब रास्ता दिखाना चाहती है। भाजपा अब पिछले पांच सालों की तरह जनता को गुमराह नहीं कर सकती। 2013 विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को स्पष्ट जनादेश मिला। मैं मुख्यमंत्री बना, मेरी सरकार ने 2013 से 2018 तक पांच सालों में बेहतर काम किया। लेकिन भाजपा के फर्जी प्रोपेगैंडा चलाया। उन्होंने मुझे हिंदू विरोधी और बहुसंख्यक के खिलाफ बताया। लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है। लेकिन जनता इस बार उनके प्रोपेगैंडा पर विश्वास नहीं करेगी, क्योंकि वह जानते हैं कि भाजपा के आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है। भाजपा ने 2018 चुनावों में राज्य के जनादेश को झूठे प्रचार से प्राप्त कर लिया था, लेकिन इस बार ऐसा करना मुश्किल होगा।

# मोतिहारी में कारोबारी के घर में घुस 50 लाख की डकैती

**तीन दिन, तीन वारदात**

**केटी न्यूज/पटना**

मोतिहारी में रविवार रात एक कारोबारी के घर 50 लाख की डकैती हुई है। रात करीब 12 बजे छत का गेट तोड़कर कुछ बदमाश अंदर दाखिल हुए। इसके बाद अंदर घुसे बदमाशों ने मेन गेट खोला। 12 से 14 की संख्या में अपराधियों ने परिवार के मोबाइल फोन छीने। सदस्यों को अलग-अलग कमरों में बंदूक की नोंक पर बंधक बनाया और लूटपाट की। मामला रक्सौल थाना क्षेत्र के महादेव गांव का है। डकैती व्यवसायी अरुण सिंह के घर हुई है। अरुण सिंह ने बताया कि कैश और जेवरात मिलाकर 50 लाख का सामान डकैत ले भागे हैं।

अरुण सिंह ने बताया कि 4 दिन बाद उनके घर में जनेऊ का कार्यक्रम था। इसको लेकर घर में तैयारी चल रही थी। समारोह में शामिल होने रिश्तेदार भी आए थे। रविवार की रात करीब 12 बजे सब लोग सोने चले गए। नींद खुलने पर देखा कि 12 से 14 की संख्या में डैकेतों ने चारों तरफ से घेर लिया है। डकैतों ने हथियार के बल पर सभी को कमरे में बंद कर दिया। उसके बाद घर के एक-एक कमरे में जाकर लूटपाट की। मोतिहारी में 3 दिनों में डकैतों ने लगातार तीन वारदात को अंजाम दिया है। घोड़ासहन थाना क्षेत्र में जाप नेता अभिजीत सिंह और तुरकौलिया इलाके में एक घर में डकैती की बड़ी वारदात हुई है।

## खबरें फटाफट

### नेपाल बॉर्डर से झारखंड बॉर्डर तक बनेगा फोर लेन

**पटना।** नेपाल बॉर्डर, वाल्मीकिनगर से झारखंड बॉर्डर हरिहरगंज तक फोर लेन नया हाईवे बनाने की केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। वहीं पटना के नौबतपुर से हरिहरगंज तक 143 किमी फोर लेन बनाया जाएगा। इस एनएच पर गाड़ियों का भारी दबाव है। सोन नदी के पूरब समानांतर यह एनएच नौबतपुर से बिक्रम-अरवल-औरंगाबाद-अंबा होते हरिहरगंज तक जाता है। झारखंड राज्य के पश्चिमी हिस्से के गढ़वा-डाल्टेनगंज होते छतीसगढ़ तक जाने वालों का भी यही सबसे सुगम मार्ग है। केन्द्र ने इस सड़क को 4 लेन बनाने के लिए डीपीआर तैयार करने की मंजूरी दे दी है और इसके लिए 1.38 करोड़ की राशि भी स्वीकृत कर दी है।

### पूर्व सांसद आनंद मोहन की रिहाई का रास्ता साफ

**पटना।** बाहुबली नेता और पूर्व सांसद आनंद मोहन की रिहाई का रास्ता साफ हो गया है। बिहार सरकार ने उनकी स्थायी रिहाई पर मुहर लगा दी है। अब वह जेल से बाहर आ जाएंगे। अभी वह 15 दिन के पैरोल पर बाहर हैं। सरकार के विधि विभाग ने इस बारे में नोटिफिकेशन जारी कर दी है। बिहार सरकार ने पूर्व सांसद की रिहाई को लेकर जेल नियमावली में बदलाव किया है। पिछले सप्ताह 10 अप्रैल को हुई कैबिनेट की बैठक में आनंद मोहन की रिहाई को लेकर फैसला लिया गया।

## विपक्षी एकजुटता: सीएम नीतीश ने की सीएम ममता से मुलाकात

# बीजेपी बहुत बड़ी हीरो बन गई है अब उसे जीरो बनाना है : ममता

- नीतीश कुमार ने कहा- जो सत्ता में हैं वे सिर्फ अपनी चर्चा करते हैं और कुछ नहीं
- ममता बनर्जी के साथ बेहद सकारात्मक बातचीत हुई है, हम भविष्य में अन्य पार्टियों को साथ में लाकर बातचीत करेंगे

**एजेंसी/कोलकाता**

लोकसभा चुनाव से पहले सभी विपक्षी दलों को एक करने में जुटे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को कोलकाता में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की। बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भी इस बैठक में मौजूद रहे। इस बैठक के बाद ममता बनर्जी ने कहा कि मैंने नीतीश जी से यही अनुरोध किया है कि जयप्रकाश जी का आंदोलन बिहार से हुआ था तो हम भी बिहार में ऑल पार्टी मीटिंग करें। हमें एक संदेश देना है कि हम सभी एक साथ हैं। उन्होंने कहा कि अगर विजन और मिशन साफ है तो हम साथ में लड़ेंगे, ये तय है। किस आधार पर होगा ये समय पर तय होगा। मैंने तो पहले ही कह दिया है कि मुझे इससे कोई एतराज नहीं है. बीजेपी बहुत बड़ी हीरो बन गई है अब उसको जीरो बनाना है. हम साथ-साथ आगे बढ़ेंगे. हमारा कोई व्यक्तिगत अहंकार नहीं है, हम साथ मिलकर काम करना चाहते हैं.

नीतीश कुमार ने कहा कि जो सत्ता में हैं वे सिर्फ अपनी चर्चा करते हैं और कुछ नहीं, ये आजादी की लड़ाई है, हमे अलर्ट रहना है। ये लोग इतिहास बदल रहे हैं। अब पता नहीं, ये (बीजेपी) इतिहास बदल देंगे या क्या कर देंगे? सभी को सतर्क होना है इसलिए हम सभी के साथ बातचीत कर रहे हैं। हमारे बीच बहुत अच्छी बात हुई है। आवश्यकता अनुसार हम भविष्य में अन्य पार्टियों को साथ में लाकर बातचीत करेंगे। ममता जी के साथ बेहद सकारात्मक बातचीत हुई।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव पर कहा कि विपक्षी दलों को एकसाथ बैठक रणनीति तैयार करने की जरूरत है। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सभी दलों को साथ आना चाहिए। आगे जो भी होगा, देशहित में किया जाएगा। जो लोग अभी शासन कर रहे हैं, उनके पास करने के लिए कुछ नहीं है। ये सिर्फ अपना प्रचार कर रहे हैं। देश के विकास के लिए कुछ नहीं किया जा रहा।





## लखनऊ में बोले नीतीश कुमार... मुझे नहीं बनना प्रधानमंत्री

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव सोमवार को लखनऊ पहुंचे। उन्होंने यहां अखिलेश यादव से मुलाकात की। सपा कार्यालय में हुई भेंट के बाद नीतीश कुमार ने मीडिया से बातचीत में केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। नीतीश ने कहा, जो लोग आज राज करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। केवल विपक्ष के नेताओं को परेशान करने के लिए काम कर रहे हैं। उनके खिलाफ हम सभी लोग एकजुट होंगे। नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री बनने के सवाल पर कहा, ?सब लोग जब एकजुट हो जाएंगे। फिर हम लोग बैठकर तय कर लेंगे कि किस को नेता बनना है। एक बात मैं साफ करना चाहता हूं कि मुझे प्रधानमंत्री नहीं बनना है। मैं देश के हित में काम करूंगा। बाकी सभी लोग मिलकर एकजुट होकर काम करेंगे। नीतीश कुमार ने केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए कहा, देश में क्या काम हो रहा है। ये सभी को मालूम है। जनता के बीच केवल प्रचार किया जा रहा है। आज हमारी अखिलेश यादव से भी मुलाकात हुई। उनसे भी यही बात हुई है कि हम लोग किस तरीके से एक साथ होकर काम करें। पूरे देश में अगर हम सभी लोग एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे तो ज्यादा फायदा होगा। नीतीश ने कहा, देश को आगे बढ़ाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पार्टियों की राय एक हो जाए, इसी काम में लगे हैं। इस शासन में कोई काम नहीं हो रहा है। सिर्फ प्रचार-प्रसार हो रहा है।

# सूडान में फंसे भारतीयों की वतन वापसी के लिए शुरू हुआ अभियान



**एजेंसी/नई दिल्ली**

अफ्रीकी देश सूडान में फंसे भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए सरकार ऑपरेशन कावेरी चला रही है। जिसके तहत 500 भारतीय पोर्ट सूडान पहुंच गए हैं। इस बारे में सोमवार को विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने ट्वीट कर जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि सूडान में फंसे हमारे नागरिकों को वापस लाने के लिए ऑपरेशन कावेरी चल रहा है। लगभग 500 भारतीय पोर्ट सूडान पहुंच गए हैं जबकि अन्य रास्ते में हैं। हमारे विमान और शिप उन्हें वापस लाने के लिए तैयार हैं। वहीं फ्रांस ने हिंसाग्रस्त सूडान से निकासी अभियान के तहत 5 भारतीय नागरिकों सहित 28 देशों के नगरिकों को बाहर निकाला है।

## पटना में पुलिस टीम पर ग्रामीणों का हमला

**पटना।** पटना में रविवार की देर रात उत्पाद विभाग और बिहटा थाने की पेट्रोलिंग टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। टीम शराब की छापेमारी करने मूसेपुर टोला गांव पहुंची थी। पुलिस ने शराब के नशे में धुत एक व्यक्ति तोता राय को हिरासत में लिया था, जिसके बाद लोगों ने स्कॉर्पियो में तोड़फोड़ की। वहीं हिरासत में लिए गए शराबी को भी पुलिस के चंगुल से छुड़ाकर फरार हो गए। इस घटना में किसी भी पुलिसकर्मी के घायल होने की पुष्टि नहीं की गई है। हमले के बाद किसी तरह से उत्पाद और पुलिस की पेट्रोलिंग टीम ने भागकर अपनी जान बचाई। कई पुलिस कर्मियों के घायल होने की भी बात कही जा रही। उधर, घटना की सूचना पर भारी संख्या में पहुंची पुलिस की दूसरी टीम ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।






## नगर निकाय चुनाव प्रचार की शुरूआत करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने दिया नया नारा

# रंगदारी न फिरौती, अब यूपी नहीं किसी की बपौती: योगी

**केटी न्यूज/सहारनपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विपक्ष की पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि अब उपद्रव और माफिया नहीं बल्कि उत्सव और महोत्सव उत्तर प्रदेश की पहचान है? मां शाकंभरी और बाला सुंदरी की पवित्र भूमि सहारनपुर से सोमवार को नगर निकाय चुनाव प्रचार की शुरूआत करते हुए योगी आदित्यनाथ ने चुनावी जनसभा में अपनी सरकार की सिलसिलेवार उपलब्धियां गिनायीं और रंगदारी न फिरौती, अब यूपी नहीं किसी की बपौती' और आज यूपी में न कर्फ्यू न दंगा, आज यूपी में सब ओर चंगा जैसे नारे दिये। योगी आदित्यनाथ ने कहा, अब उपद्रव नहीं, उत्सव हमारी पहचान है, माफिया नहीं, महोत्सव हमारी पहचान है।

वहीं शामली में एक जनसभा को संबोधित



करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में माफियाओं की गर्मी शांत हो गई है। उन पर आंसू बहाने वाला भी कोई नहीं है। सीएम योगी के इस बयान को माफिया अतीक अहमद से जोड़ा जा रहा है। दरअसल, सीएम योगी को ये अच्छे से पता है जो उनकी और बीजेपी की यूएसपी उसके साथ ही चुनाव में उतरना चाहिए। दरअसल, माफिया अतीक के मारे जाने के बाद यूपी में पुलिस एक्शन में आ गई थी। हर तरफ पुलिस की पहरेदारी कर दी गई थी। दरअसल, प्रशासन को ये डर था कि राज्य में उपद्रवी तत्व माहौल बिगाड़ने का प्रयास न कर दे। लेकिन प्रशासनिक सख्ती और राज्य सरकार के तुरंत एक्शन के बाद कहीं कोई गड़बड़ी नहीं हुई। जब वेट एंड वॉच वाली स्थिति खत्म हुई तो सीएम योगी एक्टिव हुए। उन्होंने अतीक का बिना नाम लिए एक तीर से कई निशाना साध लिया। उन्होंने कहा कि युवाओं के हाथ में टेबलेट होना चाहिए तमंचा नहीं। उन्होंने कहा कि कहा कि शोहदो के आतंक पर काबू हो चुका है और अब व्यापारियों से कोई रंगदारी नहीं मांगता है। अब गुंडा टैक्स वसूलने वालों की गर्मी शांत हो गई है।

## बोले सीएम... उप्र में आज नो कर्फ्यू, नो दंगा, सब चंगा है

योगी ने शामली में विपक्षी नेता अखिलेश यादव को भी घेर लिया। उन्होंने कहा कि आज नो कर्फ्यू, नो दंगा, सब चंगा है। कांवड़ यात्रा निकल रही है। इसके बाद उन्होंने बिना नाम लिया अखिलेश पर निशाना साध लिया। उन्होंने कहा कि एक कर्फ्यू लगाने वाले भी आए होंगे या आएंगे। आपका वोट मांगेंगे। उनकी बातों पर आप विश्वास मत करना। सीएम योगी को ये अच्छे से पता है कि राज्य की जनता को उनकी सख्त छवि पसंद है। अखिलेश यादव का बिना नाम लिए उनके राज में लगे कर्फ्यू का जिक्र कर योगी ने ये जता दिया कि वो यहां रुकने वाले नहीं है।

CMYK

## खबरें फटाफट

### 12 लाख की लागत से सूर्यमंदिर पोखरे में बनेगा पुल

सासाराम। सूर्य मंदिर पोखरे बीच मौजूद भगवान सूर्य के मंदिर में भक्तों को जाने के लिए पुल बनाने का रास्ता साफ हो गया है। नगर कार्यपालक पदाधिकारी डॉ प्रियंका गुप्ता नगर अध्यक्ष स्नेहा देवी, उपाध्यक्ष विभा देवी व गणमान्य लोगों की मौजूदगी में पंडितों के विधि पूर्वक मंत्रोच्चार के बीच भूमिपूजन कर पूजा पाठ किया गया। इस पुल के बनने से नगर सहित आसपास के लोगों को मंदिर में सीधे पहुंच पूजा पाठ करने रास्ता सुगम हो जाएगा। भूमि पूजन के दौरान भूमि पूजन के दौरान सूर्य मंदिर पोखर 11 कमेटी के पुराने सदस्य अध्यक्ष रहे वशिष्ठ साधु के साथ प्रकाश श्रीवास्तव बबलू दुबे, रामजी राणा, राम प्रवेश सिंह कुशवाहा, पार्षद उमेश सिंह, जयप्रकाश चौहान, मदीना खातून, मनोज चक्रवर्ती, मालिक पासवान, संजय पांडेय, संतोष कुमार गुप्ता ,ब्रजेश जायसवाल, चंद्र प्रकाश सिंह आदि के नारों से मंदिर गुलजार हो गया।

### प्रेम-प्रसंग में हुई मारपीट, एक जख्मी

**आरा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव में प्रेम प्रसंग में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में नयन राम घायल हो गया। जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घायल का बड़ा पुत्र रूपेश कुमार ने बताया की मेरे चाचा चैन पसवांन का पुत्र गुडू कुमार हमारे छोटे भाई पवन कुमार की पत्नी फुलवंती देवी के साथ 6 माह से फोन पर बात करता था। इतना ही नही हमारे पूरे परिवार के सामने ही गुडू कुमार दिनभर हमारे घर में रहता था और फुलवंती देवी के साथ बातचीत करता था। जब हम लोग इसका विरोध करते थे तो गुडू कुमार शराव पीकर मारपीट करता था। इसके लिए कई बार समझौता भी हुआ था। लेकिन गुडू कुमार अपनी आदत से बाज नही आता था।

# मलेरिया की रोकथाम व बचाव के लिए अपने आसपास पानी को जमा न होने दें: डॉ. शैलेंद्र

**केटी न्यूज/बक्सर**

- मलेरिया के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए आशा कार्यकताओं और एएनएम का हुआ उन्मुखीकरण
- स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर दी जा रही जानकारी



जिले के तापमान में उतार चढ़ाव के कारण कभी ठंड, कभी गर्मी तो कभी बाारिश। ऐसे मौसम मच्छरों के पनपने के अनुकुल है। जिससे मच्छर जनित रोगों की बढ़ोत्तरी की संभावना भी प्रबल रहती है। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग द्वारा मच्छरों से बचाव को लेकर विभिन्न अभियान चलाए जाते हैं। इस क्रम में 25 अप्रैल को जिले में विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाएगा। जिसके तहत लोगों को मच्छरों के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। इसके लिए मलेरिया जांच व प्रबंधन को लेकर जिले के सभी प्रखंडों में आशा कार्यकताओं और एएनएम का उन्मुखीकरण करते हुए उनको दक्ष बनाया गया है। उन्मुखीकरण फ्रंटलाइन वर्कर्स को बताया गया है कि जिन लोगों को मलेरिया होता है उन्हें आमतौर पर तेज बुखार और कंपकंपी के साथ बुखार आता है। मलेरिया का समय पर इलाज होना जरूरी है। मलेरिया प्लाज्मोडियम परजीवी की वजह से होता है और परजीवी संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छरों के काटने से लोगों में विशेष रूप से फैलता। इसलिए आशा कार्यकताएं अपने अपने क्षेत्र में लोगों को साफ-सफाई के संबंध में भी जागरूक करने पर जोर दें।

**लक्षणों के आधार पर मलेरिया की होती है पहचान :** जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया, मलेरिया से बचाव के लिए जानकारी बेहद जरूर है। विश्व मलेरिया दिवस को लेकर स्कूलों और आगंनबाड़ी केंद्रों पर भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें स्कूली बच्चों और नामांकित लाभार्थियों को मलेरिया से बचाव की जानकारी दी गई। लोगों को मलेरिया के लक्षणों से भी अवगत कराया गया है। उन्होंने बताया कि सावधानी बरतें और मलेरिया से सुरक्षित रहें। मलेरिया की जांच एवं उपचार की सुविधा सभी सरकारी अस्पतालों व स्वास्थ्य केन्द्रों पर निःशुल्क उपलब्ध है। उपर्युक्त लक्षण होने पर मलेरिया की जांच के लिए नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मरीज को ले जाएं। मलेरिया के मरीज में सभी लक्षण दिखे यह जरूरी नहीं है। अमूमन बुखार आना, सिरदर्द, उल्टी होना, ठंड लगना, चक्कर आना सहित अन्य अन्य रोग के प्रमुख लक्षण हैं।

**अस्पतालों में निःशुल्क इलाज उपलब्ध :** जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण सलाहकार राजीव कुमार ने बताया, सभी फ्रंट लाइन वर्कर्स को निर्देशित किया गया है कि किसी भी व्यक्ति में यदि मलेरिया के लक्षण दिखाई देते हैं तो उन्हें तत्काल इलाज के लिए पीएचसी भेजें। जिससे उनका ससमय इलाज शुरू कराया जा सके। उन्होंने बताया कि मलेरिया से बचाव के लिए लोगों को कुछ बातों का ध्यान रखना होगा। मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए घर एवं घर के आस-पास बने गड्ढों, नालियों बेकार पड़े खाली डब्बों, पानी की टंकियों, गमलों, टायर-ट्यूब में पानी एकत्रित न होने दें। जमे हुए पानी में मिट्टी तेल की कुछ बूंदें अवश्य डालें। सोते समय मच्छरदानी अथवा मच्छर भगानेवाली क्रीम या अगरबत्ती का प्रयोग करें।

### शक के आधार पर पूछताछ के लिए दोस्तों को हिरासत में लिया, स्वीकर किया जुर्म

# आपराधिक गतिविधियों में साथ नहीं देने पर दोस्तों ने किशोर को मारी थी गोली, दो गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**



इलाजरत किशोर की फाइल फोटो

जिले के संदेश थाना अंतर्गत कोरी गांव में पिछले दिनों रामासाढ़ गांव निवासी किशोर को गोली मारे जाने की घटना का पुलिस ने राज खोल दिया। आपराधिक गतिविधियों में साथ देने से मना करने पर किशोर के दो दोस्तों ने ही उसे गोली मारी थी। मामले में पुलिस ने उसके दो दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया है। उनमें संदेश थाना क्षेत्र के कोरी भरांव गांव निवासी विक्रमा सिंह का बेटा कृष्णा यादव और चंदेश्वर सिंह का बेटा धनजीत यादव उर्फ धनजी यादव शामिल हैं। दोनों ने घटना में शामिल होने की बात भी स्वीकार की है।

एसपी प्रमोद कुमार ने सोमवार को प्रेस बयान जारी कर दोनों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि 12 अप्रैल को गोली मारे जाने की सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। तब पुलिस को कोई जानकारी नहीं दी गयी। जख्मी के परिजनों की ओर से कोई आवेदन भी थाने में नहीं दिया गया था। उसके बावजूद घटना की छानबीन और बदमाशों की गिरफ्तारी को लेकर एएसपी चंद्र प्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम ने तकनीकी सूत्र और लोकल इनपुट के आधार पर घटना में शामिल किशोर के दोस्तों की पहचान की गयी। उसके बाद दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसमें घटना का खुलासा हो गया।

**मोबाइल छीनतई के दौरान गोली मारने का लगाया था आरोप :** रामासाढ़ निवासी जैनुद्दीन के जन्नत हुसैन (17 वर्षीय) को 12 अप्रैल की दोपहर गोली लगी थी। सदर अस्पताल में इलाज के बाद उसे पटना रेफर किया गया था। घटना के बाद इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचे जन्नत हुसैन ने बताया था कि मोबाइल छीनने का विरोध करने पर एक अपाची बाइक सवार तीन बदमाशों ने गोली मारी थी। वहीं, संदेश थानाध्यक्ष ने बताया कि जख्मी और उसके परिजनों की ओर से केस करने से परहेज किया जा रहा था। उससे घटना पर कुछ संदेह हो रहा था। उसे देखते हुए एसपी के आदेश पर अपने स्तर से छानबीन शुरू की गयी। उसी क्रम में शक के आधार पर उसके दोनों दोस्तों को उठाया गया। पूछताछ में दोनों ने पूरी घटना स्वीकार कर ली। उसके बाद तीनों के अभिभावकों को भी भी थाने बुलाया गया और पूरी घटना की जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी में कहा गया है कि उसके दोनों दोस्त अपने घर ले जाकर आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने का दबाव दे रहे थे। उसने मना किया तो दोस्तो द्वारा उसे गोली मार दी गयी।

## घर पेंट कराने के बहाने बुलाकर की पेंटर की हत्या, दो धराए

**केटी न्यूज/आरा**



जिला मुख्यालय के नगर थाना क्षेत्र के रौजा मोहल्ला निवासी पेंटर मो. जमीरुद्दीन उर्फ गोरख की हत्या को लेकर प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी है। पेंटर के साले बलबतरा निवासी नइम कौसर की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। उसमें नगर थाने के ही अबरपुल निवासी मो. गुड्डू, खेताड़ी मोहल्ला निवासी मो. अदीम और चौधरियाना निवासी मो. शादाब को नामजद किया गया है। दो-तीन अज्ञात को भी आरोपित किया गया है। इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मो. गुड्डू और मो. शादाब को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि शादाब फिलहाल पुलिस की पकड़ से बाहर है। उसकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी चल रही है। प्राथमिकी में कहा गया है कि नइम कौसर ईद के दिन अपने बहनोई जमीरूद्दीन के घर रौजा गया था। दोपहर करीब 12 बजे तीनों नामजद सहित अन्य आरोपित बहनोई के घर पहुंचे और कहा कि एक घर पेंट करना है। उसके बाद मकान दिखाने के बहाने सभी उसके बहनोई को लेकर चले गए। रात तक जब उसके बहनोई घर नहीं पहुंचे, तो उनकी खोजबीन शुरू की गयी। उस क्रम में रविवार की सुबह उनलोगों ने मो. गुड्डू से पूछताछ की तो, उसने हत्या की बात स्वीकार की। कहा कि रात में ही सभी ने मिलकर उसकी हत्या कर दी है। उसके जेब से दस हजार रुपए भी निकाल लिया गया है। उस पैसे से मौज-मस्ती भी की है। उसका शव जेल के पीछे फेंक दिया गया है। उसके बाद वे लोग गुड्डू को लेकर जेल के पीछे गये, तो वहां उसके बहनोई का शव पड़ा था।

## एक नजर

### जिलाउपाध्यक्ष के स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा आयोजित



**जहानाबाद।** कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी (सीपीआईएम) की जहानाबाद जिला कमिटी के पूर्व सदस्य एवं अखिल भारतीय किसान सभा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष कामरेड संतोष कुमार के द्वितीय स्मृति दिवस पर उनके पैतृक ग्राम जिले के जहानाबाद प्रखण्ड के गौरापुर ग्राम में श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीपीआईएम के कार्यकारी जिला सचिव दिनेश प्रसाद ने किया। कार्यक्रम को सीपीआईएम के कार्यकारी जिला सचिव दिनेश प्रसाद के अलावे सीपीआईएम के जिला मंत्री राम प्रसाद पासवान, जिला कमिटी सदस्यगण पूर्व जिला पार्षद जगदीश प्रसाद, अधिवक्ता रामानंद सागर, अधिवक्ता दिनेश कुमार, अधिवक्ता सुजीत कुमार, भाकपा माले के जिला सचिव श्रीनिवास शर्मा एवं ब्रह्मादेव प्रसाद, सीपीआईएम घोषी लोकल कमिटी के सचिव शत्रुघ्न प्रसाद, लरसा पंचायत के पूर्व मुखिया हसनैन अंसारी, अखिल भारतीय किसान सभा के जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार एवं जिला सचिव ओमप्रकाश सिंह आदि ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में कामरेड संतोष कुमार की जीवन संगिनी निर्मला सिंहा, उनके दोनों अनुज सुधीर कुमार एवं आजाद कुमार, दोनों सुपुत्र पंकज कुमार एवं गुंजन कुमार सहित उनके कई परिजन एवं भारी संख्या में ग्रामीण एवं परिजन उपस्थित हुए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वक्ताओ ने कहा कि कामरेड संतोष कुमार छात्र जीवन से ही संघर्षशील रहे। वे भारत का छात्र फेडरेशन एसएफआई के जिला उपाध्यक्ष रह चूके थे ऑर कई छात्र आन्दोलन में उनकी नेतृत्वकारी भूमिका रही थी। जिले के साक्षरता अभियान व जन स्वास्थ्य अभियान में भी उनकी महत्ती भूमिका रही थी। सीपीआईएम और किसान आन्दोलन तथा वाम जनवादी आंदोलनों में भी उनकी भूमिका अविस्मरणीय है। उनका निधन आज ही के दिन 2021 में कोरोना काल में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओ की लचर, दोषपूर्ण व अराजक व्यवस्था के कारण हो गया था। वर्तमान फासीवादी सम्प्रदायिक निजाम के खिलाफ वेहतर वाम विकल्प के लिए अनवरत संघर्ष का संकल्प लिया गया।

### भू समाधान पोर्टल का अनुश्रवण करते हुए निष्पादित मामलों का ससमय प्रविष्टि सुनिश्चित करें : डीएम



**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय तथा पुलिस अधीक्षक दीपक रंजन की संयुक्त अध्यक्षता में भूमि विवाद, खनन एवं मद्य निषेध की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बताया गया कि भूमि विवाद में अधिकांश मामले जमीन की मापी, रैयतों के बीच सीमांकन, लोक भूमि अतिक्रमण, सरकारी भूमि के आवंटियों को बेदखल किये जाने, गैर मजरूआ मालिक/आम जमीन एवं बकाश्त भूमि पर कब्जा तथा नल-गली एवं छज्जा के निर्माण को लेकर होते हैं। सर्वप्रथम भूमि विवाद से संबंधित समीक्षात्मक बैठक में अधीक्षक द्वारा सभी थानाध्यक्षों अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि भू समाधान पोर्टल का अनुश्रवण करते हुए निष्पादित मामलों का ससमय प्रविष्टि सुनिश्चित करेंगे। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि सभी थानाध्यक्ष एवं अंचल अधिकारी शनिवार की बैठक में समन्वय स्थापित करते हुए भूमि विवाद से संबंधित मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करें। सभी अंचल पदाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि माननीय मुख्यमंत्री बिहार के जनता दरबार, जिला मुख्यालय में प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार आदि में आने वाले आवेदनों या मामलों का अनुश्रवण कर निष्पादन करना सुनिश्चित करें। भूमि विवाद को लेकर हुई गंभीर घटनाओं/ मामलों पर परिचर्चा करते हुए सर्वाधिक संवेदनशील इलाकों पर कड़ी निगरानी रखते हुए प्रिवेंटिव मेजर्स लेने का निदेश दिया गया। साथ ही भूमि विवाद के मामलों में बांड डाउन से संबंधित मासिक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा सरकारी भूमि के अतिक्रमण पर अंकुश लगाने हेतु अंचल अधिकारी को एवं सरकारी भूमि से संबंधित टाइटल सूट के मामलों का अनुश्रवण करने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला विधि शाखा को दिया गया। जिला खनन पदाधिकारी के अतिरिक्त सभी अंचल अधिकारियों को सक्रिय रुप से छापेमारी करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही निर्देश दिया गया कि जितने भी प्राथमिकी से संबंधित मामले हैं उसमें डोसियर खोलना सुनिश्चित करें।

### तीन दिवसीय नि:शुल्क समर कैंप का होगा आयोजन

**जहानाबाद।** बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड कार्यालय परिसर में संबंधित शिक्षा प्रेमियों के साथ बैठक आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता करते हुए हरिशंकर कुमार (जिला संगठन आयुक्त) ने आगामी माह में 3 दिनों का निःशुल्क समर कैंप आयोजित करने के संबंध में कहा कि कैंप निशुल्क होगा। जिसमें स्काउट और गाइड विषय के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास के लिए योग, व्यायाम, मुकवार्ता, खोज के चिन्ह, प्राथमिक उपचार सिखाया जाएगा, जबकि मोहम्मद अकीलू राजा जो जिला संगठन आयुक्त के पद पर विगत 20 वर्षों से मुंगेर जिला में अवैतनिक सेवा कर रहे हैं, वे सड़क दुर्घटना में 10 दिन पूर्व गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें ?5000 की सहयोग राशि दिया गया। जिसमें हरिशंकर कुमार डीओसी 1000, राजेश कुमार सहायक डीओसी अरवल 1000, हरिशंकर सिंह शिक्षक जवाहर नवोदय विद्यालय 1000, सलोनी कुमारी एन वाई के 500, राकेश कुमार शिक्षक 500, प्रेमलता कुमारी एन वाई के 300, रीमा कुमारी शिक्षिका 250, सुनील कुमार सामाजिक कार्यकर्ता 250, पूनम कुमारी 200 ने सहयोग किया, इन सभी को जिला की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद।

# सोनपुर बैंक लूटकांड में तीन गिरफ्तार

**केटी न्यूज/छपरा**

सारण जिले के सोनपुर थाना अंतर्गत पंजाब नेशनल बैंक में बीते 13 अप्रैल लूट के साथ दो जवानों की हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके बाद घटना के उदभेदन हेतु एक एसआईटी का गठन किया गया। इस घटना का उद्भेदन करते हुए घटना में संलिप्त तीन अपराधियों को एसआईटी ने गिरफ्तार कर लिया। अनुसंधान के क्रम में यह बात प्रकाश में आई कि इसी गिरोह के द्वारा बीते 27 फरवरी को लखीसराय जिलान्तर्गत एक ग्रामीण बैंक में लूट की घटना की गई थी। तदोपरान्त लखिसराय पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए तकनिकी एवं अन्य माध्यम से घटना का उद्भेदन किया। सोनपुर पंजाब नेशनल बैंक लूट बैंक लूटने के लिए बैंक में घुसे पांच अपराधियों में से दो अपराधियों मो. जिशान एवं मो. मुमताज को सोनपुर एसआईटी ने बेगुसराय से एवं तीसरे अपराधी सुजीत कुमार को लखीसराय पुलिस द्वारा हरियाणा से गिरफ्तार किया गया। सोनपुर बैंक लूटने घुसे इन तीन अपराधियों के अलावा इस षड़यंत्र में शामिल एवं घटना में संलिप्त अनिश झा उर्फ बन्टी को सोनपुर एसआईटी एवं एसटीएफ द्वारा एवं कुन्दन कुमार को लखीसराय पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।

अनुसंधान के क्रम में यह बात प्रकाश में आई है कि इस गिरोह का सरगना वैशाली जिला का रहने वाला एक अपराधी है, जो वर्तमान में बंगाल में जेल में बंद है एवं वहीं से गिरोह का संचालन कर रहा है। सारण एसपी गौरव कुमार मंगला ने बताया कि ये सभी अपराधी एक माह पूर्व हुए बिहार के लखीसराय जिले में हुई ग्रामीण बैंक लूट में भी शामिल थे। बताया जाता है कि इस गिरोह ने बैंक लूट के बाद सोनपुर में एक व्यवसायी के अपहरण एवं हत्या करने की योजना भी बनाई जा रही थी। घटना में प्रयुक्त हथियारों में से एक पिस्टल एवं तीन जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया तथा लूटी गई राशि में से 50,000 रुपए बरामद किया गया है। घटना में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी एवं लूटी गई शेष राशि की बरामदगी हेतु कार्रवाई जारी है।

# जिले के सभी 75 अमृत सरोवरों को माह मई तक शतप्रतिशत पूर्ण कर लिया जाए: डीडीसी

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

उप विकास आयुक्त परितोष कुमार के द्वारा महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स सभागार में की गई। बैठक आरम्भ करते हुए उप विकास आयुक्त के द्वारा योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता के साथ करने एवं विभिन्न सूचकांकों में गुणात्मक एवं मात्रात्मक वृद्धि का निदेश दिया गया। जिले के अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों में चिन्हित सभी 75 अमृत सरोवरों को माह मई तक शतप्रतिशत पूर्ण कर लिया जाना है।

सुखाड़ इत्यादि से निपटने हेतु सभी पंचायतों में प्रतिदिन कम से कम 250 जॉबकार्डधारीयों को मनरेगा योजना के तहत रोजगार उपलब्ध कराने का निदेश सभी पंचायत रोजगार सेवकों को दिया गया ताकि मजदूरों को पलायन से रोका जा सके। चालू वितीय वर्ष में शून्य मानव दिवस सृजित करने वाले पंचायत रोजगार सेवकों से कारण पृच्छा का निदेश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने पंचायत रोजगार सेवकों को निदेश दिया कि मनरेगा में हर हालत में कम से कम 30 प्रतिशत अनुसूचित जाति एवं 60 प्रतिशत महिलाओं को काम दिया जाना है। किसी भी परिस्थिति में विभागीय निर्देश की अवहेलना नहीं की जाए। जिन पंचायतों में अनुसूचित जाति की भागीदारी कम है उन पंचायत के रोजगार सेवकों से स्पष्टीकरण पूछने का निदेश दिया गया। जिन पंचायतों में 20 योजना के लिमिट के कारण योजना प्रारंभ करने में कठिनाई हो रही है, उस पंचायत के पंचायत रोजगार सेवक प्रारंभ की जाने वाली पांच योजनाओं की सूची कार्यक्रम पदाधिकारी के माध्यम से जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे। ताकि जिला स्तर से नियमानुसार कार्यवाई की जा सके।

### जिलाधिकारी ने अब्दुलबारी नगर भवन से नुक्कड़ नाटक की टीम को किया रवाना

# गर्मी से बचाव के लिए प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित होगा नुक्कड़ नाटक

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



अपर समाहर्त्ता सुधा गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को जिले में लू एवं अग्निकांड से सुरक्षा के लिए अब्दुलबारी नगर भवन में नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कर जिले के समस्त प्रखंडों के लिए नुक्कड़ नाटक की टीम को रवाना किया गया। जिले में लू एवं अग्निकांड की घटनाओं से बचाव के लिए नुक्कड़-नाटक, गीत-संगीत, डॉक्टरों द्वारा मनुष्य एवम पशुओं को लू से बचाव हेतु चिकित्सकीय सलाह एवम अग्निशमन विभाग (एलपीजी गैस एजेंसी के साथ) द्वारा तीन मई तक प्रत्येक अंचल में प्रतिदिन 2 स्थानों पर मॉकड्रिल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों एवं जहानाबाद अंचल के पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इसके पूर्व जिलाधिकारी ने बताया कि 17 से 24 अप्रैल तक लू एवं अग्निकांड से बचाव हेतु एलईडी प्रचार वाहन से जिले के सभी प्रखंडों में जागरूकता सन्देश एवं 24 अप्रैल से तीन मई तक होने वाले अंचलों में कार्यक्रमों यथा-नुक्कड़ नाटक, मॉकड्रिल इत्यादि के कार्यक्रम स्थल के साथ कार्यक्रम की नियत तिथि का भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

कार्यक्रम में वरीय उप समाहर्त्ता सह जिला आपदा प्रबंधन शाखा प्रभारी पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शिनी ने बताया कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन दो पाली में नुक्कड़ नाटक की टीम द्वारा क्षेत्र में आमजनों को जागरूक किया जाएगा। जिसमें आमजनों को नुक्कड़ नाटक एवं गीत-संगीत के माध्यम से लू एवं अग्निकांड से बचाव हेतु जागरूक किया जाएगा। उक्त अवसर पर अग्निशमन एवं एलपीजी गैस एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा अग्निकांड से बचाव के लिए मॉक ड्रील किया गया। साथ ही चिकित्सकीय परामर्श स्वास्थ्य विभाग द्वारा एवं पशुपालन विभाग द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का आरंभ जिला स्तर से किया गया है, जो निर्धारित स्थल पर प्रतिदिन निर्धारित समय पर किया जाएगा। पहली पाली पूर्वाह्न 09:00 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे तक तथा दूसरी पाली अपराह्न 03:00 बजे से संध्या 06:00 बजे तक कार्यक्रम की प्रस्तुति की जाएगी।

**इन प्रखंडों में होगा संचालन :** 24 अप्रैल को सदर प्रखंड में प्रथम पाली में अब्दुलबारी नगर भवन में तथा पंचायत सरकार भवन, मांदिल में किया गया। इसी प्रकार 25 अप्रैल को काको प्रखंड के उच्च विद्यालय बढौना में प्रथम पाली एवं अंचल कार्यालय, काको में द्वितीय पाली में, 26 अप्रैल को मखदुमपुर प्रखंड के पंचायत सरकार भवन, डकरा में प्रथम पाली एवं पंचायत सरकार भवन, सुगॉव में द्वितीय पाली में, 27 अप्रैल को घोषी प्रखंड के उच्च विद्यालय, घोषी में प्रथम पाली में तथा हाई स्कुल सोनवॉ परावन पंचायत में द्वितीय पाली में, 28 अप्रैल को हुलासगंज प्रखंड के अंचल कार्यालय, हुलासगंज में प्रथम पाली में तथा पंचायत सरकार भवन, बौरी में द्वितीय पाली में, दो मई को मोदनगंज प्रखंड के किसान उच्च विद्यालय, मोदनगंज में प्रथम पाली में तथा पंचायत भवन, बंधुगंज में द्वितीय पाली में तथा दिनांक तीन मई को रतनी फरीदपुर प्रखंड के उच्च विद्यालय, सरता में प्रथम पाली में एवं पंचायत सरकार भवन, झुनाठी में द्वितीय पाली में कार्यक्रम की प्रस्तुति कर आमजनों को लू एवं अग्निकांड से बचाव एवं सुरक्षा के लिए जागरूक किया जाएगा।

## खबरें फटाफट

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**नावानगर।** सिकरियां लाइन नहर मार्ग पर मणियां हाई स्कूल के पास सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक सिकरौल थाना क्षेत्र के बसाव कला गांव निवासी श्रीभगवान राम के 22 वर्षीय पुत्र रविकांत कुमार है। इधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेज दिया है। घटना रविवार की देर शाम की है। बताया जाता है कि मृतक अपने ससुराल जगदीशपुर से सिकरियां नहर मार्ग से अपने गांव बसांव कला लौट रहा था। तभी उक्त स्थान पर मृतक की बाइक गड्ढे में पड़ गई। एक तो बाइक की रफ्तार तेज थी, ऊपर से हेलमेट नहीं पहन रखा था। गड्ढे में बाइक पड़ते ही बाइक दस फीट उपर उछलकर नीचे गिरा। जिससे बाइक चालक की सर में गंभीर चोट लगने से मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। पुलिस ने मृतक के जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### छेड़खानी का विरोध करने पर महिला की पिटाई

**नावानगर।** स्थानीय थाना अंतर्गत केसठ बधार में जानवरों को चरा रही एक दलित महिला के साथ छेड़खानी करने व विरोध करने पर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित महिला के शोर मचाने तथा छेड़खानी होते देख ग्रामीणों ने युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। साथ ही पीड़ित महिला ने थाना में अतिमी निवासी फिरोज मियां पर मारपीट व छेड़खानी का आरोप लगाते हुए नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस ने सोमवार को आरोपी को जेल भेज दिया।

# अधिकारी नियमित रूप से जन समस्याओं को सुनें व उसका त्वरित निषादन करें : डीएम

- डीएम अंशुल कुमार ने सिमरी व चक्की प्रखंड तथा अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण
- निरीक्षण के दौरान इंदिरा आवास, वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट, अमृत सरोवर योजना में गति लाने का दिया निर्देश



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डीएम अंशुल अग्रवाल ने सोमवार को सिमरी व चक्की प्रखंड तथा अंचल कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान वे प्रखंड, अंचल, बाल विकास परियोजना, मनरेगा आदि कार्यालयों के निरीक्षण के साथ ही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। डीएम सबसे पहले सिमरी पहुंचे। उन्होंने यहां प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय एवं सीडीपीओ कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इंदिरा आवास अंतर्गत लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा करवाने, वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट बनाने के लिए विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप शेष कार्यों को स्थल चिन्हित कर पूरा कराने, अमृत सरोवर योजना के तहत निमार्णाधीन 2 तालाबों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण तथा समय से पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं पीएम आवास योजना अंतर्गत 14 लंबित योजनाओं को 7 दिनों के अंदर पूरा करने को कहा।

कार्यालय निरीक्षण के क्रम में डीएम ने रोकड़ पंजी के अनुसार अग्रिम राशि के निकासी का समायोजन कराने का निर्देश दिया। वहीं सभी पदाधिकारियों को नियमित में जाकर जन समस्याओं को सुनने तथा उसका त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। जबकि सीडीपीओ कार्यालय के निरीक्षण के दौरान बायोमेट्रिक अटेंडेंस की रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण डाटा एंट्री ऑपरेटर को स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को पीडीएस दुकानों पर ससमय राशन वितरण कराने एवं पीडीएस दुकानों का नियमित अंतराल पर जांच करने को कहा गया।

### कोईलवर तटबंध का निरीक्षण कर बाढ़ से निपटने की तैयारियों का लिया जायजा

सिमरी में निरीक्षण के बाद डीएम कोईलवर तटबंध का निरीक्षण करने पहुंचे। वे बाढ़ पूर्व तैयारियों जायजा ले रहे थे। तटबंध के निरीक्षण के दौरान बीडीओ, सीओ एवं ईओ बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल बक्सर को बाढ़ संभावित पंचायतों के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीण जनता के साथ बैठक कर बाढ़ से बचाव हेतु जागरूकता फैलाने एवं समन्वय स्थापित कर बाढ़ से पूर्व सभी तैयारियों को 15 मई तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। डीएम ने जाति आधारित गणना कार्य का निरीक्षण किया गया और संबंधित चार्ज पदाधिकारी, प्रगणक एवं पर्यवेक्षक को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

### चक्की में बायोमेट्रिक अटेंडेंस नहीं लगाए जाने पर भड़के डीएम, बोलें- तुरंत लगाएं

सिमरी के बाद डीएम अंशुल अग्रवाल चक्की पहुंचे। यहां बायोमेट्रिक अटेंडेंस नहीं लगाए जाने पर डीएम भड़क गए तथा पदाधिकारियों और कर्मियों को फटकार लगाई। उन्होंने शीघ्र बायोमेट्रिक लगाने का निर्देश भी दिया। अधिकारियों को पंचायतों में जाने तथा जन समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने को भी कहा। जबकि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के निरीक्षण के क्रम में डीएम ने वहां उपस्थित बालिकाओं से पठन-पाठन एवं अन्य सुविधाओं के बारे में बातचीत किया। विद्यालय का फर्श टूटा देख इसका शीघ्र मरम्मत करने का निर्देश दिया।

## पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, घटना के बाद गांव में तनाव, कैंप कर रही पुलिस

# जमीन विवाद में चौसा के इजरी गांव में गरजीं बंदूकें, गोलीबारी में एक की मौत, दूसरा जख्मी

- पुलिस ने मौके पर डबल बैरेल रायफल व कट्टा किया बरामद
- लंबे समय से दोनों परिवारों के बीच चल रहा था विवाद, कई बार मामला पहुंचा थाना







**केटी न्यूज/चौसा**

सोमवार की शाम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के इजरी गांव में जमीन विवाद में दो पक्ष आमने सामने आ गए। इस दौरान हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान स्थानीय गांव के ललन यादव के 30 वर्षीय पुत्र सत्येन्द्र यादव के रूप में की गई है। जबकि जख्मी प्रदीप यादव की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना शाम करीब 6.30 बजे की है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों परशुराम पाठक व मून पाठक को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से एक डबल बैरेल रायफल व एक देशी कट्टा बरामद हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाने की पुलिस मौके पर कैंप कर रही है। इस घटना के बाद से गांव में जबर्दस्त तनाव व्याप्त है। एसपी मनीष कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दो आरोपियों को पकड़ा गया है। उनके पास से असलहे भी बरामद हुए हैं। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित पक्ष द्वारा शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। घायल युवक ने बताया कि बाजार जाने के दौरान कृतन पाठक समेत आधा दर्जन लोग घर की छत पर से फायरिंग करने लगे। गोलीबारी में सतेंद्र सिंह को दो गोली लग गई. इसमें एक गोली सर में और दूसरी गोली पैर में लगी। वहीं एक गोली मेरे हाथ में लगी।

**क्या है मामला:** मृतक के घर के पीछे परशुराम पाठक की पुश्तैनी जमीन थी। जिस पर सत्येन्द्र का परिवार कब्जा जमाना चाह रहा था। लंबे समय से दोनों परिवारों के बीच इस मुद्दे पर विवाद चल रहा था। कई बार मामला थाना भी पहुंचा था। लेकिन स्थानीय पुलिस ने समय रहते इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया। इधर सोमवार की शाम एक बार फिर से सत्येन्द्र के पक्ष के लोग उस जमीन पर कब्जा जमाने की नीयत से घेराबंदी करने लगे थे। परशुराम पाठक द्वारा मना करने पर भी जब वे लोग नहीं माने तब इधर से फायरिंग की गई है। जिसमें सत्येन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई जबकि प्रदीप जख्मी हो गया।

**क्या कहते हैं एसपी:** एसपी मनीष कुमार ने कहा कि जमीन विवाद में इस घटना को अंजाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि दो आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। उनके पास से एक डबल बैरेल रायफल व एक कट्टा बरामद किया गया है। मौके पर पुलिस के जवान कैंप कर रहे हैं।

## एक नजर

### कैलाश ऑटो कृष्णाब्रह्म में चल रहा महालोन एक्सचेंज मेला, पुरानी बाइक लाएं, नई ले जाएं



**बक्सर।** शादी के सीजन को देखते हुए कैलाश ऑटो बक्सर ने कृष्णाब्रह्म में महालोन एक्सचेंज मेला का आयोजन किया है। कैलाश ऑटो बक्सर के संचालक अमित कुमार सिंह ने बताया कि यह आयोजन 23 से 28 अप्रैल तक चलेगा। उन्होंने ग्राहकों से मेले में आकर बजाज की बाइक पर आकर्षक ऑफरों का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने बताया अपनी क्लास में सबसे पॉवरफुल पल्सर 125 सीसी, 11.8 पीएस पावर और बेहद आरामदायक सवारी है। इसमें टेलिस्कोपिक फ्रंट फोर्क्स एंव नाइट्रॉक्स रियर शॉक एब्जॉर्बर्स के साथ एंटी स्किड ब्रेकिंग टेक्नोलॉजी, आईकॉनिक स्टाइल-वुल्फ आइड हेडलैम्प्स की खासियत है। इसकी कीमत 81133 से शुरू है। न्यूनतम डाउन पेमेंट 9999 तक है। वहीं प्लेटिना की नई मॉडल प्लेटिना 110 एबीएस है। अमित सिंह ने कहा कि यह दुनिया की पहली ऐसी बाइक है, जिसमें अचूक ब्रेकिंग सिस्टम से दुर्घटना होने से 68 प्रतिशत तक आपको बचाने की क्षमता है। ये बाइक ग्राहक 4999 रुपए के डाउन पेमेंट पर ले सकते हैं। बाइक 0 प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध है। खास बात यह है कि साथ ही 5 साल की वारंटी और 2 साल सर्विस फ्री दी जा रही है। इसके साथ ही 1000 रुपए तक डिस्काउंट, 18 लाख का जीवन बीमा भी दिया जा रहा है।

### सीनियर वुशू प्रतियोगिता में बक्सर के खिलाड़ियों ने 10 पदक प्राप्त कर बढ़ाया जिले का मान



**बक्सर।** पटना में आयोजित 13 वीं बिहार राज्य सीनियर वुशू प्रतियोगिता में बक्सर के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। जिले के सीनियर खिलाड़ियों ने कुल 10 पदक जीत पहला स्थाना पाया है। इस प्रतियोगिता में जिला के खिलाड़ियों ने 7 गोल्ड, 2 सिल्वर, एक कांस्य पदक प्राप्त करते हुए टीम ने फर्स्ट की ट्रॉफी हासिल किया है। प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 23 अप्रैल तक पटना के भारतीय खेल प्राधिकरण ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित हुआ था। मिली जानकारी के अनुसार इस सीनियर वुशू प्रतियोगिता में बक्सर के महिला वर्ग अंडर 45 किलोग्राम में खुशबू कुमारी को कांस्य पदक, अंडर 48 किलोग्राम में अमीषा कुमारी को स्वर्ण, अंडर 52 किलोग्राम में निधि कुमारी को स्वर्ण पदक, अंडर 56 किलोग्राम में निकिता कुमारी स्वर्ण पदक, अंडर 65 किलोग्राम में माया कुमारी स्वर्ण पदक, अंडर 75 किलोग्राम में निभा कुमारी को स्वर्ण पदक, वहीं पुरुष वर्ग में अंडर 48 किलोग्राम में नवीन शर्मा को रजत पदक, अंडर 52 किलोग्राम में गोलू कुमार को रजत पदक, अंडर 56 किलोग्राम में सुधीर कुमार को स्वर्ण पदक और तावडू ग्रुप व शान ग्रुप में दिलीप कुमार ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर जिला का नाम बढ़ाया है. गोल्ड मेडल प्राप्त किए हुए खिलाड़ी आगामी 32 वी सीनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता जो कि महाराष्ट्र के पुणे जिले में आयोजित होगी शामिल होंगे। जिला वुशू संघ के अध्यक्ष डॉ आशुतोष कुमार सिंह, उपाध्यक्ष डॉ राजेश सिन्हा, महासचिव मुकेश कुमार, संयुक्त सचिव विवेक कुमार सिंह, राम रतन पाठक और हेरिटेज स्कूल के निदेशक डॉ प्रदीप पाठक ने सभी मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को बधाई दिया है।

### जायसवाल सभा के अध्यक्ष बने प्रदीप कुमार जायसवाल, समाज के लोगों ने दी बधाई

**बक्सर।** नगर के पीपी रोड स्थित एक उत्सव हॉल में वीर कुंवर सिंह के जन्मोत्सव, अक्षय तृतीया और जयसवाल के कुलदेवता भगवान सहस्त्रार्जुन का राज्याभिषेक के अवसर पर जयसवाल सभा के तत्वावधान में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन प्रदीप कुमार जयसवाल की अध्यक्षता में हुआ। समारोह में डॉ एएन जयसवाल द्वारा जयसवाल सर्व सभा के अध्यक्ष सहित समस्त अधिकारियों एवं कार्यकारिणी के पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। सभा के संरक्षक प्रदीप कुमार जयसवाल, बद्री जयसवाल और लक्ष्मण प्रसाद जयसवाल सहित सभी पदाधिकारियों को पुष्पमाला के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बैंक प्रबंधक प्रदीप कुमार जायसवाल को अध्यक्ष चुना गया। जो 2026 तक अपने पद के माध्यम से जायसवाल समाज के उत्थान में अपनी भूमिका निभायेंगे। वहीं आयकर व जीएसटी अधिवक्ता सुरेश प्रसाद जायसवाल उर्फ सुरेश संगम ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष अवकाश प्राप्त ग्रामीण बैंक प्रबंधक प्रदीप कुमार जयसवाल को बधाई देते हुए कहा कि किसी भी संस्था को चलाने के लिए एकरूपता के साथ एकजुटता बनाते हुए सबका साथ सबका विकास जरूरी है, जो अध्यक्ष के नेतृत्वकर्ता के रूप में विद्यमान है।

# 70 किलो गांजा व 6.5 लाख नकदी के साथ दो तस्कर धराए

**केटी न्यूज/ चौसा**

मुफस्सिल थाने की पुलिस ने 70 किलो गांजा तथा 6.5 लाख नगद रुपए के साथ अंतरराज्यीय गिरोह के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक स्थानीय थाना क्षेत्र के मिश्रवलिया गांव का तथा दूसरा रोहतास जिले के दिनारा का है।

दोनों को गिरफ्तार करने के साथ ही पुलिस उन्हें जेल भेजने की तैयारी में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार मुफस्सिल थाने की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मिश्रवलिया गांव में एक तस्कर ने गांजा की खेप मंगवाई है। इस सूचना पर थानाध्यक्ष निर्मल कुमार ने तत्काल छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी में मिश्रवलिया के संजय प्रजापति को 2 किलो गांजा के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह रोहतास के दिनारा से गांजा लेकर आया था। उसके बाद पुलिस उसे लेकर दिनारा पहुंची तथा स्थानीय पुलिस के सहयोग से शिवजी यादव के घर से 68 किलो गांजा और साढ़े छह लाख रुपए बरामद किए। पुलिस ने इसके बाद शिवजी को भी गिरफ्तार कर लिया।

### अंतर्राज्जीय गिरोह से जुड़े हैं तार

गांजा तस्करों के तार अंतर्राज्जीय गिरोह से जुड़े हैं। रोहतास के दिनारा से पकड़ा गया शिवजी यादव लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी कर रहा था। उससे पूछताछ के आधार पर पुलिस उनके नेटवर्क को खंगाल रही है। मादक पदार्थों के तस्करी के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।

# पुराना भोजपुर में शराब की भट्टी का भंडाफोड़



- 30 लीटर देशी महुआ शराब व भारी मात्रा में उपकरण बरामद
- 500 लिटर अर्द्धनिर्मित शराब को पुलिस ने किया विनष्ट

**केटी न्यूज/डुमरांव**

पुराना भोजपुर गांव से उत्तर सिमरी रोड में भैसही नदी के किनारे तस्करों द्वारा शराब भट्ठी का संचालन किया जा रहा था। इसकी भनक लगते ही पुलिस ने छापेमारी कर उक्त भट्ठी को ध्वस्त कर दिया। पुलिस ने वहां से 30 लीटर देशी महुआ शराब तथा शराब बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। जबकि प्लास्टिक के ड्रामों में रखे 500 लिटर अर्द्धनिर्मित शराब को जमीन पर गिरा विनष्ट किया। छापेमारी नया भोजपुर ओपी व सिमरी पुलिस ने संयुक्त रूप से किया था। हालांकि पुलिस के आने की भनक लगते ही शराब तस्कर फरार हो गए। भट्ठी ध्वस्त करने के साथ ही पुलिस शराब तस्करों की पहचान तथा गिरफ्तारी में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार नया भोजपुर ओपी प्रभारी सुबोध कुमार को सूचना मिली थी कि पुराना भोजपुर के सिमरी रोड में नदी किनारे तस्करों द्वारा अवैध तरीके से शराब भट्ठी का संचालन किया जा रहा है। इस सूचना पर वे वरीय पदाधिकारियों को सूचना दिए तथा सिमरी थानाध्यक्ष सुनील कुमार निर्झर के साथ संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया। पुलिस जैसे ही गुप्तचरों द्वारा बताए जगह पर पहुंची तो वहां दूर से ही शराब की गंध आ रही थी। जिसके बाद पुलिस टीम ने भट्ठी को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान मौके से भारी मात्रा में शराब बनाने के उपकरण तथा 500 लिटर अर्द्धनिर्मित व 30 लीटर महुआ शराब बरामद हुआ।

### शराब निर्माण के लिए दशकों से कुख्यात है पुराना भोजपुर

पुराना भोजपुर गांव का शराब से बहुत पुराना नाता रहा है। यहां दशकों से अवैध शराब का निर्माण होता रहा है। इस गांव को शराब तस्करी तथा निर्माण से मुक्त करने के लिए पुलिस ने कई बार अभियान चलाया तो कई बार शराब तस्कर व ग्रामीण आमने सामने भी आ चुके हैं। पुलिस के लाख प्रयास के बावजूद तस्कर अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। हालांकि एक बार फिर से अवैध रूप से शराब निर्माण का भंडाफोड़ होने से पुलिस के सूचना तंत्र पर भी सवाल उठ रहा है। गौरतलब है कि पुराना भोजपुर तथा डुमरांव थाना क्षेत्र के बंझू डेरा गांव में अवैध शराब का मामला सदन तक में उठ चुका है।

## बरसात पूर्व होगी नालियों की सफाई, तैयारी में जुटा डुमरांव नगर परिषद प्रशासन

# नालियों की सफाई के लिए जल्द टेंडर निकालेगा नगर परिषद्



**केटी न्यूज/डुमरांव**

इस बार शहरवासियों को बरसात में जलजमाव का सामना नहीं करना पड़ेगा। नगर परिषद प्रशासन स्वच्छता अभियान के साथ साथ मानसून से पहले शहर के नाले-नालियों की साफ-सफाई की कार्ययोजना तैयार करने में जुट गयी है। नगर परिषद इस बार जलजमाव के स्थायी समाधान के लिए मास्टर योजना बना रही है।

बता दें कि शहरी इलाके में जलजमाव का मामला सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जनता दरबार मे पहुंचा था। जहां से विभागीय निर्देश आने के बाद नप के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार, जेई अंजनी कुमार, प्रधान सहायक दुर्गेश सिंह, उप सहायक बजेंद्र राय आदि ने शहर के जलजमाव वाले इलाके का निरीक्षण किया और इससे निजात दिलाने के लिए मास्टरप्लान बनाने की योजना बनानी शुरू कर दी। शहर के सात बड़े नाले और 20 लिंक नालियों की सफाई को लेकर निविदा डालने की प्रक्रिया शुरू की गयी है और इस माह के अंत मे टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर लेने की संभावना जतायी जाती है। इसके बाद अगले माह से सफाई का काम धरातल पर क्रियान्वित किया जायेगा।

बताया जाता है कि इस बार नाले और नालियों की सफाई के साथ शहर के मुख्य सेंट्रल नाला की सफाई और गाद तथा कचरा उठाव करने का मास्टरप्लान तैयार किया गया है। नप क्षेत्र के कई कॉलोनियों और मुख्य सड़कें जलजमाव की समस्या से जूझने लगती हैं और गंदे पानी का बहाव ठप हो जाता है। मुख्य सड़कों पर घुटने भर पानी उफान मारने लगती है, जिसको नप बरसात पूर्व ही सफाई कराकर जलजमाव की समस्या से राहत दिलायेगा। इसी तरह टेक्सटाइल कॉलोनी, कड़वी, प्रोफेसर कॉलोनी, शिवपुरी, चाणक्यपुरी, बड़ा बाग का इलाका भी बरसात की त्रासदी झेलता है। इन इलाकों में जलजमाव से बचाव को लेकर तैयारी शुरू कर दी गयी है। नाली से उड़ाही किये गये गाद और कचरे का उठाव तत्काल किया जाएगा।

### क्या कहते हैं अधिकारी

इस संबंध में नगर परिषद के ईओ मनोज कुमार ने कहा कि मानसून से पूर्व नाले-नालियों का साफ-सफाई कराने की योजना तैयार की जा रही है। इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू की गयी है। बरसात से पूर्व सभी नालियों व नालों की सफाई कर शहर को जलजमाव से मुक्त कराया जाएगा। जलजमाव वाले इलाके से भी तत्काल बारिश का पानी निकालने की योजना भी तैयार की जा रही है।

केशव टाइम्स
बक्सर, 25 अप्रैल 2023



website : keshavtimes.com
e-mail : keshavtimes1@gmail.com



## जिले के नगर निकाय चुनाव में मंत्री, सांसद भी नामांकन में हुए शामिल, झोंकी ताकत

# चुनाव: भाजपा, सपा एवं आप के प्रत्याशियों ने गर्मजोशी के साथ किया अपना नामांकन

**केटी न्यूज/बलिया**

नामांकन के अंतिम दिन सपा और भाजपा सहित अन्य राजनीतिक दलों की प्रत्याशियों ने पूरे गर्मजोशी के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। 12 बजे से दो बजे के बीच नामांकन स्थल प्रत्याशियों और नेताओं से गुलजार रहा। भारतीय जनता पार्टी से बलिया नगर पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी संत कुमार मिठाई लाल, चितबड़ागांव नगर पंचायत से अमरजीत सिंह व रतसर कला नगरपंचायत से विजय गुप्ता ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

भाजपा की तरफ से भाजपा प्रत्याशी अमरजीत सिंह के साथ सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी व डा.विपुलेंद्र प्रताप सिंह रहे। वहीं भाजपा के नगर पालिका बलिया के प्रत्याशी संत कुमार के साथ प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, नगर अध्यक्ष अभिषेक सोनी, अरूण सिंह बंटू, कमलेश सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं रतसर नगर पंचायत से भाजपा प्रत्याशी विजय गुप्ता के साथ जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष



### मॉडल तहसील में चार पूर्व चेयरमैनों ने दाखिल किया नामांकन पत्र

विनोद शंकर दुबे मौजूद रहे। उधर नगरपालिका बलिया से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी लक्ष्मण गुप्ता के साथ विधायक संग्राम यादव, राष्ट्रीय सचिव राजीव राय पूर्व विधायक मंजू सिंह, सपा जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव, शशिकांत चतुर्वेदी, सुशील पांडेय कान्हजी, परवेज रोशन, अनिल राय आदि मौजूद रहे। वहीं पूर्व चेयरमैन व निर्दल प्रत्याशी संजय उपाध्याय के साथ नामांकन स्थल पर जमाल आलम, चंदन गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इसके अलावा नगरपालिका परिषद बलिया से आम आदमी पार्टी से सर्वदमन राजू, चितबड़ागांव नगर पंचायत से निर्दल प्रत्याशी व पूर्व चेयरमैन केशरीनंदन त्रिपाठी के अलावा बलिया नगर पालिका के निवर्तमान चेयरमैन अजय कुमार ने भी नामांकन किया है। इस प्रकार कुल चार पूर्व चेयरमैनों ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

**जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने नामांकन कक्षों का लिया जायजा :** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक राजकरण नैयर के साथ नामांकन के आखिरी दिन बलिया सदर और बांसडीह तहसील में नामांकन कक्षों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा की व्यवस्था भी देखी। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी प्रशांत नायक से चल रहे नामांकन के संबंध में जानकारी हासिल की और निर्देश दिया कि आखिरी दिन किसी भी प्रकार की गड़बड़ी ना होने पाए।

### अध्यक्ष के रण में बाप–बेटा आमने–सामने





**बलिया।** किसी ने सही कहा है कि राजनीति में कोई सगा नहीं होता और कोई पराया भी नहीं होता, यहां जिद्द और अभिलाषा सिर्फ कुर्सी की होती है। इसके लिए अपनों से भी लड़ना पड़े तो मजूंर है। कुछ ऐसा ही हो रहा है इन दिनों नगर परंचायत चितबड़ागांव में। पिता के लाख मना करने के बावजूद पुत्र ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में अध्यक्ष के रण में कूद कर सीधे अपने पिता को चुनौती दे डाली। अध्यक्ष का ताज किसके सिर पर होगा यह तो 13 मई को पता चलेगा, लेकिन ?पिता–पुत्र का एक–दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ना इन दिनों बलिया निकाय चुनाव की सरगर्मी और तेज कर दी है।

नगर पंचायत चितबड़ागांव के निवर्तमान चेयरमैन केशरीनंदन त्रिपाठी एक बार फिर से निर्दलीय

प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में जोर आजमा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ इनके पुत्र अभिराम त्रिपाठी कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में मैदान में है। राजनीतिक तजुर्बों की बात करें तो पिता होने के साथ–साथ बतौर चेयरमैन नगर पंचायत चितबड़ागांव की हवा कब किस ओर बहेगी, आकलन कर सकते हैं और दांव–पेच खेल सकते हैं। वहीं अभिराम त्रिपाठी की बात करें तो राजनीतिक अनुभव शून्य है। थोड़ा बहुत भी है तो पिता की बदौलत। खैर कुछ भी हो फिलहाल पिता–पुत्र का आमने–सामने लड़ना बलिया निकाय चुनाव खासकर चितबड़ागांव में इन दिनों चर्चा का विषय बन गया है।

### बागी के साथ प्रचार करेंगे तो होगी कार्रवाई: राजमंगल

बलिया। समाजवादी पार्टी के नगर पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी लक्ष्मण गुप्ता के खिलाफ एक प्रत्याशी बागीपन अपना लिए हैं और अंदर ही अंदर सपा को डैमेज करने में लग गए हैं। ऐसे में सपा के जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी कार्यकर्ता बागी उम्मीदवार के साथ प्रचार करेंगे या पार्टी के झंडा का प्रयोग करेंगे तो वे अनुशासनहीनता की जद में आएंगे। उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

नामांकन के अंतिम सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित मॉडल तहसील में अध्यक्ष पद के 26 जबकि सभासद पद के लिए 176 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि नगर पालिका बलिया, नगर पंचायत चितबड़ागांव व रतसरकला नगर पंचायत का नामांकन कलेक्ट्रेट स्थित मॉडल तहसील में हुआ है। अलग-अलग बात करें तो नगर पंचायत रतसरकला की बात करें तो चेयरमैन पद के लिए 13 जबकि सभासद के लिए 112 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। वहीं, चितबड़ागांव नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए पांच व सभासद पद के लिए पांच प्रत्याशियों ने नामांकन किया। जबकि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के लिए आठ तथा सभासद पद के लिए 59 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इस प्रकार कुल 26 अध्यक्ष पद के लिए व 176 प्रत्याशियों ने सभासद पद के लिए नामांकन किया है।

## ईंट लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर मजदूर की गई जान



**केटी न्यूज/बलिया**

नरहीं क्षेत्र में ईंट लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली पर बैठा मजदूर असंतुलित होकर सड़क पर गिरा। ट्रॉली उसके ऊपर चढ़ गई। मजदूर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़ कर चालक भाग निकला। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया।

सोमवार सुबह सात बजे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में ईंट लाद कर जा रहा था। ईंट उतारने वाला मजदूर सूरज राम (45) पुत्र राम दयाल राम निवासी करकटपुर ट्रॉली पर बैठा था। नरहीं थाने के पास मजदूर असंतुलित होकर एनएच-31 सड़क पर गिर गया। ईंट लदी ट्रॉली उसके ऊपर चढ़ गई। कुचलने से मजदूर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे से घबराया चालक ट्रैक्टर छोड़ कर फरार हो गया। पुलिस भी तुरंत मौके पर पहुंच गई। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। ट्रैक्टर ट्रॉली को पुलिस अपने कब्जे में ले लिया है।

## तेज आंधी में झोपड़ी गिरी, युवक की मौत

**गाजीपुर।** करंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत जमुआंव(बेरासो) में आंधी पानी में झोपड़ी गिरने एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक रविवार की शाम करीब छः बजे तेज आंधी व पानी को देखते हुए स्थानीय गांव निवासी दीपक मिश्रा (20) पुत्र अनुप मिश्रा प्यारे प्रजापति के झोपड़ी में छिप गया। इस दौरान तेज आंधी से झोपड़ी गिर गई। जिससे झोपड़ी में दबकर युवक की मौत हो गई।

ग्राम प्रधान अंकेश कुमार सिंह सोनू ने देते हुए बताया कि यह मेरे ग्राम सभा में बहुत दुःखद घटना है। मृतक का परिवार काफी गरीब है। मृतक के पिता किसानी करके किसी तरह परिवार का जीवन- यापन करते हैं। मृतक चार बहनों में अकेला सबसे छोटा भाई था। मृतक के परिजनों का रो -रोकर बुरा हाल हो गया है। थाना प्रभारी प्रशांत चौधरी ने बताया कि कल शाम को ग्राम प्रधान द्वारा सूचना दिया गया था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## मकान ध्वस्त करने के दौरान जेसीबी की चपेट में आने से बाबा-नाती की मौत, चालक फरार

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

पुराने मकान को गिरा कर नये मकान के निर्माण का सपना अधूरा ही रह गया। नए मकान के निर्माण से पहले ही मकान मालिक शंकर बिंद हमेशा के लिए मौत की नींद सो गया। उसके साथ उसके नाती को जेसीबी ने अपनी चपेट में ले लिया और देखते ही देखते दोनों की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



बता दें कि नंदगंज थाने के हरखुपुर गांव निवासी शंकर बिंद (55) अपने कच्चे मकान को तोड़वा कर नया निर्माण कराने के लिए जेसीबी मंगाया था। सोमवार की सुबह मकान तोड़ने के लिए जेसीबी पहुंची और कच्चा मकान तोड़ने का काम शुरू हो गया। कार्य देखने के लिए कुछ दूरी पर शंकर बिंद अपने छह वर्षीय नाती अंकित को लेकर बैठा था। अचानक चालक जेसीबी को पीछे कर रहा था। वह पीछे बैठे दोनों लोगों को देख नहीं सका और जेसीबी की चपेट में दोनों आ गए। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। थोड़ी ही देर में वहां ग्रामीणें की भीड़ जुट गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतक के पुत्र नन्दलाल बिंद ने थाने में तहरीर दिया है कि अचानक जेसीबी की चपेट में आने से पिता शंकर व पुत्र अंकित की मौत हो गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष कमलेश पाल ने बताया कि नंदलाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दोनों शवों को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## जेकेडोर्स कंपनी में लगी आग, दस लाख की मशीन नष्ट

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद के बेरुआरबारी क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिवपुर मे सोमवार की सुबह तीन बजे के करीब जेकेडोर्स कम्पनी में आग लगने से लाखो रुपये की लकड़ी व मशीन जल कर राख हो गया। ग्रामीणों के अथक प्रयास से घंटो बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के शिवपुर इंटर कॉलेज के समीप अनुरंजन चतुर्वेदी की लकड़ी का दरवाजा बनाने का कारखाना है। जहां सोमवार की सुबह तीन बजे के करीब तेज धुआं तथा आग की लपटे देख आस पास के लोगो ने शोर मचाने के साथ ही मालिक को सुचना दी। चारो तरफ पम्प, बाल्टी से पानी डाल आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक लकड़ी के कारखाने में लगे कम्प्यूटर से चलने वाली सीएनसी राउटर मशीन जिसकी कीमत दस लाख रुपए है, कीमती साखू, सिसो के बना कर रखे दरवाजे तथा कीमती लकड़ी जल कर राख हो



गयी। वही कारखाने मे बिजली कनेक्शन तक नहीं है। पूरा काम जनरेटर से होता है लोगों ने बताया की किसी ने द्वेष वश आग लगा दी होंगी। जिससे इतनी बड़ी घटना हो गयी। इस आग की घटना से कम्पनी मालिक की हालत खराब हो गयी है। उन्होंने बताया की एक एक कर किस तरह से कारखाने का काम चल रहा था। आज इस आग की घटना से मेरा पूरा उद्योग ही बैठ गया। पीड़ित द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दे दी गयी है।

## प्रतिमा स्थल से टकराया बालू लदा ट्रक

**बलिया।** नगर के सतीश चन्द्र चौराहा स्थित पं. तारकेश्वर पांडेय प्रतिमा स्थल से बालू लोडेड ट्रक टकरा गया। इससे ट्रक का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रहा कि कोई हताहत नहीं हुआ। घटना रात करीब दो बजे की बतायी जा रही है। ट्रक के टकराने से जाम की स्थिति बनी रही। बताते चले कि बालू लदा ट्रक बलिया से बैरिया की तरफ जा रहा था। इस बीच देर रात करीब दो बजे सतीश चन्द्र कालेज के पास स्थित पंडित तारकेश्वर पांडेय प्रतिमा स्थल से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रक का एक हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। संयोग रहा कि पंडित तारकेश्वर पांडेय की मूर्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

## जिले में मिले कोरोना के 5 नए मरीज, एक्टिव केस पहुंचा 18

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद में कोविड संक्रमित मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। प्रशासन की लापरवाही लोगों पर भारी पड़ रही है। स्टेशन, अस्पताल सहित अन्य स्थानों पर लोग बिना मास्क के बे खौफ घूम रहे हैं। रविवार को पांच नए कोरोना संक्रमित मिले हैं। कुल एक्टिव केस की संख्या 18 हो गई है। 14 मरीज होम आइसोलेशन में हैं, चार अस्पताल में भर्ती जिनका उपचार चल रहा है।

जिला सर्विलांस अधिकारी अभिषेक मिश्रा ने बताया कि तीन मरीज सीयर, एक बेरूवारबारी, एक शहर में मिले है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी संक्रमित मरीजों के सम्पर्क में आए परिजनों व अन्य लोगों की सैम्पलिंग कराकर सभी को होम आइसोलेशन में रहने का सुझाव दिया गया है। गांव की निगरानी टीम की लगातर निगरानी कर रही है। चिकित्सक निकाय चुनाव में लोगों की लापवाही के कारण संक्रमण बढ़ने की आशंका जता रहे है। चुनाव के दौरान विशेष सावधानी बरतने की सलाह दे रहे है। प्रशासन अगर सख्त नही हुआ तो संक्रमण का आकड़ा में काफी इजाफा देखने को मिलेगा।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर जिलास्तरीय बैठक संपन्न

# ग्राम पंचायतों में बैठक कर अभियान को सफल बनाएं: जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने सभी विभागों की प्रगति की समीक्षा की ।पंचायती राज विभाग की प्रगति ठीक न होने पर सख्त निर्देश दिया कि जल्द से जल्द प्रगति लाई जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि झाड़ियों की कटाई की जाए और नालियों की सफाई कराई जाए। ग्राम पंचायतों की बैठक कराकर संचारी रोग नियंत्रण अभियान को और सफल बनाया जाए। तालाबों की सफाई की जाए और गड्ढों की भराई की जाए। बेसिक शिक्षा विभाग की प्रगति अच्छी



नहीं होने पर और बेसिक शिक्षा अधिकारी के बैठक में उपस्थित न होने पर जिलाधिकारी ने उन्हें स्पष्टीकरण जारी करने का आदेश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश सरकार के सापेक्ष कम प्रगति देखने को मिल रही है।

स्वच्छ भारत के अंतर्गत अधिक से अधिक शौचालय का निर्माण कराया जाए और इसके प्रयोग के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। ईओ नगरपालिका को निर्देश दिया कि जहां पर भी स्वच्छ पेयजल की स्थिति ठीक नहीं है वहाँ के ईओ को पत्र जारी किया जाए। नगरपालिका को निर्देश दिया कि इस हफ्ते सभी बिंदुओं पर कार्य पूरा हो जाना चाहिए।

आईसीडीएस को निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जागरूक करके कार्य में प्रगति लाई जाए। आंगनबाड़ियों को गांव गांव जाकर लोगों को जागरूक करना है और कुपोषण के संबंध में जानकारी हासिल करनी है। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा केवल पांच बिन्दुओ पर रिपोर्ट दिए जाने पर नाराजगी जताई गयी। सभी विभाग को निर्देश दिया कि अपने काम में प्रगति लाएं और जो विभाग अच्छा कार्य कर रहे हैं उन्हें प्रोत्साहित किया जाए। जिन विभागों की प्रगति ठीक नहीं होगी उनके खिलाफ कार्यवाई की जाएगी। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ,मुख्य विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, ईओ नगरपालिका और सभी चिकित्साधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### नारी सम्मेलन : सकरताली स्वयं सहायता समूह के तहत नारी जागरूकता कार्यक्रम



गाजीपुर। नारी सशक्तिकरण, नारी जागरूकता एवं महिला स्वावलंबन के लिए सरकार के योजनाओं की जानकारी को लेकर गाजीपुर सदर ब्लाक के सकरताली ग्राम पंचायत में ₹नारी सम्मेलन₹ सकरताली स्वयं सहायता समूह सकरताली की बीसी सखी, अंजनी शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सम्मेलन को संबोधित करते हुए बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक सोहिलापुर के प्रबंधक ने कहा कि सरकार ने महिलाओं को सशक्त और स्वावलंबी बनाने की जो योजना बनाई है। उसमें स्वयं सहायता समुहों की विशेष भूमिका है। कम ब्याज दरों पर ऋणों का वितरण महिलाओं के आर्थिक उत्थान तथा रोजगार सृजन के लिए महत्वपूर्ण है। आजीविका मिशन के ब्लाक प्रबंधन अधिकारी आनन्द ने कहा कि गांवों में अधिक से अधिक महिला समूहों का गठन तथा उनके माध्यम से गरीब, लाचार, बेबस महिलाओं के रोजगार कि व्यवस्था हमारी योजना का मूल उद्देश्य है। भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपाल राय ने सरकार के योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन शशिकांत शर्मा ने किया। इस अवसर पर मुरली कुशवाहा, अजीत प्रजापति, गीता देवी, अनिता विश्वकर्मा, तारा देवी, सावित्री देवी, संगीता, चंदा, मनोरमा आदि महिलाएं उपस्थित थी।



### नामांकन के अंतिम दिन अध्यक्ष पद के 22 एवं सदस्य पद के 36 नामांकन पत्रों की हुई बिक्री

**मऊ।** नामांकन पत्रों की बिक्री एवं नामांकन के अंतिम दिन पूरे जनपद में नगरपालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद हेतु कुल 22 एवं सदस्य पद हेतु 36 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। इसके अलावा अध्यक्ष पद के 50 एवं सदस्य पद हेतु कुल 334 नामांकन पत्र दाखिल हुए। नगर पालिका परिषद मऊ नाथ भंजन के अध्यक्ष पद हेतु 0 एवं सदस्य पद हेतु 7, नगर पंचायत कोपागंज में अध्यक्ष पद हेतु 2 एवम् सदस्य पद हेतु 8,नगर पंचायत अदरी में अध्यक्ष पद हेतु 1 एवम् सदस्य पद हेतु 0,नगर पंचायत कुर्थी जाफरपुर में अध्यक्ष पद हेतु 0 सदस्य पद हेतु 2, नगर पंचायत घोसी में अध्यक्ष पद हेतु 1 एवं सदस्य पद हेतु 5, नगर पंचायत अमिला में अध्यक्ष पद हेतु 0 एवं सदस्य पद हेतु 3, नगर पंचायत दोहरीघाट में अध्यक्ष पद हेतु 1 सदस्य पद हेतु 1, नगर पंचायत मोहम्मदाबाद गोहना में अध्यक्ष पद हेतु 13 एवम् सदस्य पद हेतु 3,नगर पंचायत बलीदपुर में अध्यक्ष पद हेतु 2 एवं सदस्य पद हेतु 3, नगर पंचायत चिरैयाकोट में अध्यक्ष पद हेतु 1 एवम् सदस्य पद हेतु 2, नगर पंचायत मधुबन में अध्यक्ष पद हेतु 1 एवं सदस्य पद हेतु 2 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। इस प्रकार पूरे जनपद में अध्यक्ष पद हेतु कुल 22 एवं सदस्य पद हेतु 36 नामांकन पत्रों की अंतिम दिन बिक्री हुई। नामांकन के अंतिम दिन आज अध्यक्ष पद हेतु 50 एवं सदस्य पद हेतु कुल 334 नामांकन पत्र दाखिल हुए, जिसमें नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद हेतु 4, जिसमें प्रमुख पार्टियों भारतीय जनता पार्टी से अजय कुमार, बहुजन समाज पार्टी से अरशद जमाली एवं सुभासपा से रामसूरत राम प्रमुख उम्मीदवार रहे। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद से सदस्य पद हेतु 117 नामांकन पत्र तथा नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद हेतु 46 एवं सदस्य पद हेतु कुल 217 नामांकन पत्र उम्मीदवारों द्वारा दाखिल किए गए।

### भाजपा नगर मंडल का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

**गाजीपुर।** नगर निकाय चुनाव- 2023 के मद्देनजर भाजपा नगर मंडल का कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार देर शाम अग्रसेन मैरिज हाल, परसपुरा में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सम्मेलन में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने कहा कि देश, प्रदेश में सेवा, सुरक्षा तथा जन विश्वास का वातावरण स्थापित करने में भाजपा सरकारों ने किर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि नगरों के विकास के लिए भाजपा कि विजय चुनावों में बहुत जरूरी है। नगर पालिका गाजीपुर के अध्यक्ष सहित सभासद पद के सभी सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित करने कि जिम्मेदारी कार्यकताओं कि है यह बात बताते हुए जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा कि देश और प्रदेश मे विकास के नये मान दंड स्थापित कर लोगों के रोटी, कपडा,मकान और स्वास्थ्य सुविधाओं का यह सरकार पूरी तरह ध्यान रख रही है। जिला प्रभारी अशोक मिश्रा ने कहा कि नगरों के सुद्दढ़ि,स्वच्छता तथा सुन्दरता के साथ -साथ जन जीवन की बुनियादी जरूरतों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के लिए सरकार कटिबद्ध है तथा लगातार इसके लिए नित्य नये कार्य हो रहे हैं। नगर निकायों में रह रहे लोग स्वयं गवाह हैं कि व्यापारी हितों कि रक्षा के साथ- साथ भय मुक्त वातावरण स्थापित करने में भाजपा सरकार का योगदान है। जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने कहा कि देश, प्रदेश में सेवा, सुरक्षा तथा जन -जन में विश्वास का वातावरण स्थापित करने में भाजपा सरकारों ने किर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि नगर के विकास के लिए भाजपा कि विजय नगर निकाय चुनावों में बहुत जरूरी है। ताकि विकास कि तारतम्यता बनी रहे।

### गुंडा एक्ट के तहत बड़ी कार्यवाही करते हुए जिलाधिकारी ने 16 लोगों को किया जिला बदर

**मऊ।** जनपद को अपराध मुक्त बनाने हेतु जिला प्रशासन लगातार सक्रिय है। इसी क्रम मेंआज जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार ने गुंडा एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 16 लोगों को 6 माह के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए। जिला बदर किए गए अपराधियों में सतीराम उर्फ सत्यराम यादव पुत्र विश्वनाथ यादव सा. अहिरानीबुजुर्ग थाना दोहरीघाट जनपद मऊ, रामअवतार पुत्र स्व. छत्तर राम साकिन कटिहारी बुजुर्ग थाना घोसी जनपद मऊ, नदुल कुमार राजभर पुत्र चंद्रमा राजभर निवासी मेउड़ी कला थाना हलधरपुर जनपद मऊ, जितेंद्र चौहान पुत्र बलजोर चौहान निवासी भैरोपुर थाना घोसी जनपद मऊ, अजीत पुत्र विश्राम चौहान निवासी भैरोपुर थाना घोसी जनपद मऊ, दानिश पुत्र एकराम सा. मदनपुरा थाना दक्षिण टोला जनपद मऊ, बृजेश यादव पुत्र कन्हैया यादव सा. भेड़ियाधर थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ, बड़े यादव उर्फ सुमित यादव पुत्र नागा यादव निवासी बल्लीपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ, मोहम्मद दानिश उर्फ लालू पुत्र मुश्ताक अहमद निवासी शाहीकटरा थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ, हीरा यादव पुत्र रामहित यादव निवासी अछार थाना लखंसी जनपद मऊ, अमित साहनी पुत्र ओमप्रकाश साहनी निवासी मल्लाहटोला थाना दोहरीघाट जनपद मऊ, कृष्णपाल सिंह पुत्र रामसिंगार सिंह निवासी खिरिया थाना रानीपुर जनपद मऊ, बहादुर पुत्र कुशहर निवासी पूनापार थाना घोसी जनपद मऊ, आलोक पुत्र स्वर्गीय महाबीर राजभर सा. चकउथ थाना मधुबन जनपद मऊ, नन्हे कुमार पुत्र मंगरु राम निवासी कसारी थाना रानीपुर जनपद मऊ एवं अरबाज पुत्र मो. सेराज निवासी घुटमा थाना रानीपुर जनपद मऊ के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए जिलाधिकारी अरुण कुमार ने 6 माह के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए। इन सभी अपराधियों पर अलग-अलग थानों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज है।जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक को निष्कासन अवधि के दौरान इन पर कड़ी नजर रखने एवं जनपद की सीमा में प्रवेश न करने हेतु व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।